Title: Need to increase the capacity of existing Low Power Transmitters in Arunachal Pradesh .

श्री खीरेन रिजीजू (अरुणाचल पश्चिम) : उपाध्यक्ष महोदय, अरुणाचल प्रदेश, विशोकर मेरे संसदीय क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश पश्चिम के कई क्षेत्रों में अत्यन्त अल्पशक्ति के दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र होने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को दूरदर्शन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इटानगर दूरदर्शन केन्द्र में स्टाफ की कमी तथा पैसे की कमी के कारण कार्य ठीक प्रकार से नही चल पा रहा है । यदि इन प्रसारण केन्द्रों की क्षमता बढ़ायी जाती है तो आस-पास के क्षेत्रों में, जहां पर दूरदर्शन के नये प्रसारण केन्द्र स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है, वहां के लोगों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

अतः मेरा सूचना प्रसारण मंत्री महोदय से निवेदन है कि उक्त अल्पशक्ति के स्थापित दूरदर्शन प्रसारण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाने हेतु योग्य निर्देश प्रदान करने का कट करें।